Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the closure of NTC Mills in Amravati.

श्रीमती नवनित रवि राणा (अमरावती): माननीय सभापति जी, एनटीसी की मिलें पूरे देश में 23 हैं, जो फिलहाल चल रही थीं, लेकिन वर्ष 2020 से सभी मिलें बंद पड़ी हैं । मेरे संसदीय क्षेत्र अमरावती में परतवाड़ा और अचलपुर के बीच, जहां ट्राइबल क्षेत्र लगता है, मिल को वर्ष 2020 में तीन महीने के लिए चलाया गया था । इसके बाद रॉ मैटीरियल नहीं है, यह एग्जाम्पल देकर फिर से मिल बंद कर दी गई । ट्राइबल क्षेत्र से लगे हुए क्षेत्र की मिल में एक से दो हजार लोग काम रहे हैं । पहले यह विदर्भ मिल थी अब वह फिनले मिल है ।

पूरे देश के मिलों की यूनियन के लोग दिल्ली में आंदोलन करने के लिए आए हुए हैं । मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से विनती करती हूं कि उनसे मिलें और बात करें कि उनकी मांगें क्या हैं, क्यों मिल बंद हुई, क्या नुकसान हुआ? इसे चालू करना बहुत जरूरी है क्योंकि इसमें बहुत गरीब मजदूर काम कर रहे हैं ।

मैं आपके माध्यम से यही विनती मंत्री महोदय से करना चाहती हूं ।